# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

# कार्यपरिषद

## की षष्ठम बैठक

## दिनांक 06-03-2012 के कार्यवृत्त

# बस्तर विश्वविद्यालय,

जगदलपुर, (धरमपुरा) जिला–बस्तर (छ.ग.) 494005

दूरभाष–07782–229630 फैक्स 239037

क्रमांक 410/ब.वि.वि./2011–12

जगदलपुर दिनॉक 25/04/2012

प्रति,

समस्त सम्मानीय सदस्य,
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्य–परिषद के
जिला–बस्तर छ0ग0

विषयः– बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर छत्तीसगढ़ के कार्य परिषद के षष्ठम बैठक दिनांक 06/03/2012 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

******

महोदय/महोदया,

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्य परिषद की षष्ठम बैठक दिनांक 06/03/2012 को सम्पन्न हुई। बैठक में हुई चर्चा एंव निर्णय कीं विस्तृत कार्यवृत्त आपकी ओर सादर प्रेषित की जा रही है।

संलग्न– 07 पृष्ठ।

आदेशानुसार।

कुल सचिव

पृ.क्रमांक/ /ब.वि.वि./कार्य.परि./2012 जगदलपुर दिनांक / /2012

प्रतिलिपिः–

1. बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्य परिषद के सम्मानीय सदस्य श्री/श्रीमती.................................................................. को सूचनार्थ।
2. माननीया कुलपतिजी के निज सहायक, बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर को सूचनार्थ।
3. समस्त विभाग प्रमुख, बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ।

उप कुल सचिव (अका.)

# बस्तर विश्वविद्यालय,जगदलपुर

(धरमपुरा) जिला–बस्तर (छ0ग0) पिन 494005

क्रमांक/ /ब.वि.वि./2012

जगदलपुर, दिनांक / /2012

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 06/03/12 का कार्यवृत्तः–

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 24)

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. श्रीमती जयलक्ष्मी ठाकुर | – | अध्यक्ष |
| 2. श्री संतोष बाफना विधायक, जगदलपुर | – | सदस्य |
| 3. पदमश्री धर्मपाल सैनी | – | सदस्य |
| 4. प्रो. अब्दुल नसीर खान | – | सदस्य |
| 5. श्री टी.के. राव | – | सदस्य |
| 6. डॉ. एम.आई मेमन | – | सदस्य |
| 7. डॉ. ए.के. नेमा | – | सदस्य |
| 8. डॉ. (श्रीमती) व्ही. विजयलक्ष्मी | – | सदस्य |
| 9. फादर टी.जे. पाल | – | सदस्य |
| 10. प्रो. एस.के. श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 11. प्रो. टी. सेनगुप्ता (उच्चशिक्षा) | – | सदस्य |
| 12. डॉ. जे.के. जैन | – | सदस्य |
| | – | सचिव |

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यपरिषद की षष्ठम् बैठक दिनांक 06/03/12 को सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न बिंदूओं पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया।

विषय क्रमांक–1 विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की पंचम बैठक दिनांक 12/09/11 के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

निर्णयः– **विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की पंचम बैठक दिनांक 12/09/11 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।**

विषय क्रमांक–2 दिनांक 23/01/12 को आयोजित हुई विद्या परिषद की बैठक में पारित महत्वपूर्ण निर्णयों के अनुमोदन हेतु।

(i) छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26 (1) (7) के अनुसार गठित परीक्षाफल समिति के अनुमोदन बावत।

**निर्णयः– परीक्षाफल समितियों का मान. सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया।**

(ii) शासकीय नवीन महाविद्यालय कोन्टा जिला सुकमा को सम्बद्वता देने संबंधी निर्णय के अनुमोदन हेतु।

**निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा निर्णय का अनुमोदन किया गया।**

(iii) M.S.W., M.B.A., M.C.A., M.Sc. (Biotech.), M.Sc. (MicroBiology) की शुल्क संरचना के अनुमोदन हेतु प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा विद्या परिषद द्वारा शुल्क संरचना संबंधित पारित निर्णयों का अनुमोदन किया गया।**

(iv) शिथिलांग (Physically Challanged) लोगों के लिये परीक्षा शुल्क में रियायत विषयक्।

**निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा विद्या परिषद के निर्णय का अनुमोदन किया गया।**

(v) कला संकाय के विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों जैसे एम.ए. हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं एम.कॉम में प्रायोगिक परीक्षाएँ समाप्त करने विषयक्।

**निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा विद्या परिषद के निर्णय का अनुमोदन किया गया।**

(vi) शासकीय महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में यू.जी.सी. के अन्तर्गत केरियर ओरियेंटेंट कोर्स जैसे C.C.A/D.C.A./A.D.C.A. के अनुमति विषयक्।

**निर्णयः–** मान. सदस्यों द्वारा विद्या परिषद के निर्णय का अनुमोदन किया गया।

(vii) विभिन्न महाविद्यालयों में नये विषयों/कक्षाओं के मान्यता/सम्बद्धता देने विषयक्।

**निर्णयः–** विद्या परिषद की अनुशंसा का मान. सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया।

(viii) स्नातक स्तर पर विषय न होने पर स्नातकोत्तर कक्षाओं में अनुमति न देने विषयक् चर्चा। (अध्यादेश में संशोधन)

**निर्णयः–** मान. सदस्यों द्वारा विद्या परिषद के सदस्यों की अनुशंसा का अनुमोदन करते हुए प्रकरण को समन्वय समिति के समक्ष प्रेषित करने हेतु कहा।

(ix) बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के क्षेत्राधिकार में आने वाले महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की कमी पर विस्तार से चर्चा विषयक्।

**निर्णयः–**मान. सदस्यों द्वारा पूर्व में विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा लिये गये निर्णय जिसमें शासन को विस्तार से अवगत करायें जाने पर सहमति व्यक्त करते हुये विद्या परिषद के निर्णय का अनुमोदन किया।

(x) दीक्षांत समारोह के आयोजन के संबंध में विद्या परिषद से मान. सदस्यों द्वारा माह जनवरी 2013 में आयोजन करने विषयक्।

**निर्णयः–** कार्यपरिषद में मान. सदस्यों द्वारा दीक्षांत समारोह माह जनवरी 2013 में आयोजित करने हेतु विद्या परिषद के निर्णयका अनुमोदन किया।

(xi) प्रावीण्य सूची में आये छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल दिये जाने हेतु विद्या परिषद के निर्णय विषयक्।

**निर्णयः–** मान. सदस्यगण कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि इस हेतु दानदाताओं से सम्पर्क किये जाने हेतु विद्या परिषद के निर्णय को मान्य करते हुये विश्वविद्यालय के बजट में इस हेतु प्रावधान रखें जाने का भी सुझाव दिया।

**विषय कमांक**–03 बस्तर विश्वविद्यालय का बजट 2012–13 अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

**निर्णयः**–मान. सदस्यों द्वारा बजट 2012–13 का अवलोकन पश्चात अनुमोदन किया गया।

**विषय कमांक**–04 वार्षिक परीक्षा 2012 की तैयारी की सूचना।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों को वार्षिक परीक्षा 2012 की तैयारियों के संबंध में सूचना ग्रहण करवाई गई।

**विषय कमांक**–05 डॉ. उमाराम सेवानिवृत प्राध्यापक (अंग्रेजी) शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर की पुर्ननियुक्ति के संबंध में।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा इस विषय को लंबित रखे जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**विषय कमांक**–06 बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का वार्षिक प्रतिवेदन मान. सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

**विषय कमांक**–07 परीक्षा शुल्क में वृद्धि संबंधी चर्चा।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा इस विषय में विश्वविद्यालय से प्रस्तावित वृद्धि की रूपरेखा आगामी बैठक में रखे जाने हेतु कहा गया।

**विषय कमांक**–08 मेरिट लिस्ट (प्रावीण्य सूची) मान. सदस्यों के अवलोकनार्थ।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रावीण्य सूची का अवलोकन कर इसे सावधानी पूर्वक जांच कर प्रकाशित करने हेतु कहा गया।

विषय क्रमांक–09 स्वर्ण पदक हेतु चर्चा।

निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा स्वर्ण पदक हेतु काफी विचार विमर्श कर रू. 100000.00 (एक लाख रू. मात्र) की राशि स्वर्ण पदक प्रदान करने वाले से दान के रूप में लेने पर सहमति बनी। दान के फलस्वरूप प्राप्त राशि के व्याज से पदक देने की बात पर निर्णय हुआ। स्वर्ण पदक के सैंपल व अन्य विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय को मान. सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया।

## मान. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

विषय क्रमांक–01 परीक्षा मद से वाहन क्रय बावत्।

निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा परीक्षा मद से एक बोलेरो वाहन क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई साथ ही मान. सदस्यों द्वारा DGS&D Rate पर ही वाहन क्रय करने के निर्देश दिये गये।

विषय क्रमांक–02 प्रायोगिक परीक्षा में स्वंय के वाहन उपयोग पर पेट्रोल व्यय निर्धारण के संबंध में।

निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा प्रायोगिक कार्यो हेतु स्वंय के वाहन से यात्रा करने पर रू. 6.00 प्रति किलोमीटर की दर से बाह्य परीक्षकों को भुगतान करने हेतु स्वीकृति प्रदान की साथ ही 200 (दो सौ रूपये) प्रतिदिन की दर से दैनिक भत्ता देने हेतु स्वीकृति दी गई।

स्थानीय स्तर पर विश्वविद्यालय कार्य से उपस्थित होने पर 100/– (सौ रूपये) वाहन भत्ता की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

**विषय कमांक**–03 AC कय करने अनुमति बावत्।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा **DGS&D Rate** पर (05) पांच AC कय करने की अनुमति प्रदान की गई। मान. श्री संतोष बाफना विधायक द्वारा प्रतिष्ठित कम्पनियों के AC (VOLTAS/GENERAL) कय करने हेतु सुझाव दिये।

**विषय कमांक**–04 ग्रंथालय के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा एवं अनुशंसा।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रस्तावों का नियमानुसार अनुमोदन किया गया।

**विषय कमांक**–05 विश्वविद्यालय के **Website** के **upgradation and updation** के संबंध में।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा इस हेतु **N.I.C.** से सम्पर्क करने का सुझाव दिया गया।

**विषय कमांक**–06 नवनिर्मित आवासीय परिसर एफ.जी. व एच ब्लॉक के मुख्य प्रवेश द्वार में सुरक्षा की दृष्टि से चैनल गेट लगवाने के संबंध में।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों द्वारा इस विषय पर सहमति व्यक्त करते हुये नियमानुसार चैनल गेट बनवाने हेतु अनुशंसा की गई।

**विषय कमांक**–07 विश्वविद्यालय के दोनो मुख्य प्रवेश द्वारों में आवश्यक मरम्मत/आंशिक निर्माण कार्य किये जाने के संबंध में।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों ने मुख्य प्रवेश द्वारों हेतु डिजाईन मगाये जाने को कहा। फिर डिजाईन का चुनाव कर मोनो का समावेश करते हुये मुख्य प्रवेश द्वार पर अंतिम निर्णय लेने हेतु कहा।

**विषय कमांक**–08 नवनिर्मित आवासीय परिसर एफ, जी,एवं एच ब्लॉक कुल 16 भवन के पहुँच मार्ग को सी.सी. रोड निर्माण किये जाने बावत्।

**निर्णयः**– मान. सदस्यों ने सी.सी. रोड निर्माण हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन को BRGEA/नरेगा से संबंधित विभागों से सम्पर्क करने हेतु कहा।

विषय कमांक–09 डॉ. संजय डोंगरे सहा. ग्रंथपाल व अन्य परीक्षा कार्य से प्रवास पर रहने वाले कर्मचारियों को परीक्षा मद से मोबाईल भत्ता प्रदान किये जाने विषयक्।

निर्णयः– मान. सदस्यों द्वारा सहायक ग्रंथपाल श्री डोंगरे व अन्य कर्मचारियों को परीक्षा कार्यो से प्रवास पर रहने पर केवल परीक्षा कार्यो के दौरान ( मार्च से जून) कमशः 500 रू. (पांच सौ) व 300 (तीन सौ) मोबाईल भत्ते के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई।

25/4/12

कुलसचिव

पृ. कमांक/4011 /ब.वि.वि./2012 जगदलपुर, दिनांक 25/04/2012

प्रतिलिपिः–

1. महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन रायपुर, छ.ग. को उपरोक्तानुसार सादर सूचनार्थ।
2. माननीया कुलपति महोदया, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर को सूचनार्थ।
3. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय डी.के.एस. भवन, रायपुर को सूचनार्थ।
4. कार्य परिषद के समस्त सम्माननीय सदस्यगणों को सूचनार्थ।
5. बस्तर विश्वविद्यालय के समस्त विभाग प्रमुखों को सूचनार्थ।

25/4/12

उप. कुलसचिव (अका.)

# दिनांक 06/03/2012 के कार्य परिषद की बैठक की विषय सूची:–

1. विद्या परिषद से पारित निर्णयों के अनुमोदन।
2. बजट संबधी चर्चा।
3. वार्षिक परीक्षा 2012 की तैयारी की सूचना।
4. डॉ. उमाराम की नियुक्ति संबधी चर्चा।
5. बस्तर विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का अवलोकन।
6. परीक्षा शुल्क में वृद्धि संबधी चर्चा।
7. मेरिट लिस्ट (प्रावीण्य सूची ) की अधिसूचना पर चर्चा।
8. स्वर्ण पदक प्रदत्त हेतु चर्चा।
9. माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।